डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

शुक्रवार

24 नवंबर 2023

आपकी आवाज




केके पाठक की चेतावनी... शिक्षक समय से आएं स्कूल, नहीं तो छोड़ें नौकरी

3



## डीपफेक लोकतंत्र के लिए खतरा, केंद्र सरकार जल्द ला सकती है कड़ा नियम

**एजेंसी/नई दिल्ली**

डीपफेक टेक्नोलॉजी के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही सख्त कदम उठा सकती है। माना जा रहा है कि सरकार इसको लेकर कड़े नियम ला सकती है जिसमें सख्त कार्रवाई का प्रावधान होगा। एआई का गलत इस्तेमाल कर फेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही हैं। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों से एक्शन लेने और कड़े कानून बनाने की बात कही है। कंपनियां इस दिशा में काम कर रही हैं।

गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा डीपफेक लोकतंत्र के लिए एक नया खतरा बनकर उभरा है और सरकार रेगुलेशन लाने पर भी विचार कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि डीपफेक से निपटने के लिए हमारे पास जल्द ही नए नियम होंगे।

उन्होंने जानकारी देते हुए आगे बताया, सोशल मीडिया मंच इस बात पर सहमत हुए कि डीपफेक का पता लगाने, उसे रोकने के लिए स्पष्ट कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कंपनियां डीपफेक का पता लगाने, इससे निपटने, इसकी सूचना देने के तंत्र को मजबूत करने और उपयोगकताओं में जागरूकता बढ़ाने जैसी स्पष्ट कार्रवाइयां करने पर सहमत हुईं।

वैष्णव ने पत्रकारों से कहा, हम आज ही विनियमन का मसौदा तैयार करना शुरू कर देंगे और कुछ ही समय में हमारे पास डीपफेक से निपटने के लिए नए नियम होंगे...यह मौजूदा ढांचे में संशोधन या नए नियम या नया कानून लाने के रूप में हो सकता है।

## एकमुश्त समाधान योजना के तहत अब तक 500 करोड़ के राजस्व की वसूली

- उप्र के विद्युत उपभोक्ताओं के बीच हिट साबित हो रही ओटीएस स्कीम
- योजना का लाभ लेने के लिए सभी डिस्कॉम्स से करीब 6.25 लाख लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन
- 30 नवंबर तक योजना में रजिस्ट्रेशन कराने वालों को मिलेगा विशेष लाभ

उत्तर प्रदेश एकमुश्त समाधान योजना

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल की बकाया राशि के भुगतान में राहत देते हुए योगी सरकार ने 8 नवंबर को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की शुरूआत की थी। उपभोक्ताओं के बीच यह योजना हिट रही है और प्रतिदिन लाखों लोग इस योजना से जुड़ रहे हैं। अब तक इसके तहत करीब 6.25 लाख उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। यही नहीं, इस योजना के तहत प्रदेश सरकार ने अब तक करीब 500 करोड़ रुपए (495 करोड़ से ज्यादा) के राजस्व की वसूली कर ली है। योजना के तहत दो तरह के लोग इसका लाभ ले रहे हैं। एक ओटीएस नॉर्मल और दूसरा ओटीएस थेफ्ट (जिन पर बिजली चोरी का बकाया है)। यह योजना 08 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलेगी। इस योजना का पहला चरण 8 से 30 नवंबर, दूसरा चरण 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तथा तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। खास बात ये है कि जो उपभोक्ता जल्दी आएंगे, वो ज्यादा लाभ पाएंगे। खासतौर पर 30 नवंबर तक पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा लाभ मिलेगा।

### बड़ी संख्या में योजना से जुड़ रहे लोग

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल के अनुसार, इस योजना को लेकर सभी डिस्कॉम्स में लोगों के बीच उत्साह देखा जा रहा है। पहले चरण में ही 6.25 लाख लोगों का रजिस्ट्रेशन कराना इसका उदाहरण है। प्रतिदिन लाखों लोग योजना से जुड़कर अपने बकाये का एकमुश्त समाधान करा रहे हैं। प्रदेश सरकार की ओर से लोगों को राहत देने के लिए इस योजना की शुरूआत की गई है। मेरी अपील है कि जो भी लोग इस योजना का अत्यधिक लाभ लेना चाहते हैं वो 30 नवंबर से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर योजना से जुड़ सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता किसी भी विभागीय बिलिंग काउंटर पर, एसडीओ या एक्सीएन कार्यालय पर या यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर योजना में पंजीकरण कर इसका लाभ ले सकते हैं।

### पूर्वांचल और मध्यांचल में सबसे ज्यादा डिमांड

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. की बात करें तो ओटीएस नॉर्मल और ओटीएस थेफ्ट के तहत 1.6 लाख से अधिक लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसके माध्यम से 143 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी तरह, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. के तहत योजना का लाभ लेने के लिए 1.72 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिससे विभाग को 130 करोड़ से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि.के तहत 1.43 लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और विभाग ने 93.55 लाख राजस्व की वसूली की। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के जरिए कुल 1.40 लाख से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया, जिससे 127 करोड़ से अधिक के राजस्व की वसूली हुई। अंत में केस्को के तहत योजना का लाभ पाने के लिए 5500 से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 75 लाख के राजस्व की प्राप्ति हुई।

### छुट्टियों में भी जमा होंगे विद्युत बिल

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहा है कि ओटीएस के माध्यम से हर बकायेदार विद्युत राजस्व जमा करे इसके लिए प्रयास होना चाहिए। इसके लिए फोन घुमाओ अभियान से लेकर कैंप लगाना, लाउडस्पीकर सहित विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने से लेकर सभी प्रयास किए जाएं। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि हमें आईडीएफ पूरी तरह खत्म करना है। इसके लिए हर स्तर पर व्यापक प्रयास होना चाहिए। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इस महीने पड़ने वाली छुटियों में ओटीएस और राजस्व वसूली से संबंधित सभी कार्य होंगे। इसके लिए संबंधित कार्यालय खुलेंगे और सामान्य कार्य दिवसों के अनुरूप विद्युत बिल जमा करने तथा ओटीएस से संबंधित कार्य होंगे। आम जन के हित को देखते हुए छुट्टियों के दिनों में कार्यालय खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

## जम्मू के राजौरी में पाकिस्तानी आतंकवादी कॉरी मारा गया

# आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो कैप्टन और तीन जवान शहीद

- राजौरी के बाजीमाल में दूसरे दिन भी जारी रही आतंकवादियों से मुठभेड़
- भारतीय सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया, उनके पास से हथियार और गोला बारूद बरामद



**एजेंसी/नई दिल्ली**

जम्मू संभाग के जिला राजौरी के बाजीमाल में गुरुवार दूसरे दिन भी आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यहां दो आतंकियों को मार गिराया गया है। उनके पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है। अभी तलाशी अभियान जारी है। पीआरओ डिफेंस ने बताया कि गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी आतंकवादी कॉरी मारा गया है। उसे पाक और अफगान मोर्चे पर प्रशिक्षित किया गया है। कॉरी लश्कर-ए-तैयबा का उच्च रैंक आतंकवादी कमांडर था। वह पिछले एक साल से अपने ग्रुप के साथ राजोरी और पुंछ में सक्रिय था। उसे ढांगरी और कंडी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। इन आतंकियों को इन क्षेत्रों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था। वह आईईडी लगाने, गुफाओं से छिपकर हमला करने और प्रशिक्षित स्नाइपर था। इस साल एक जनवरी को राजोरी के ढांगरी में दोहरे आतंकी हमले को अंजाम दिया गया था, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। इमसें पांच लोग गोलीबारी में और दो लोग आईईडी ब्लास्ट में मारे गए थे।




मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के कैप्टन व जवान

जिला राजोरी के धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना व जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ गुरुवार सुबह एक बार फिर शुरू हुई। बुधवार सुबह 10 बजे शुरू हुई मुठभेड़ रात सात बजे तक जारी रही। अंधेरा होने के कारण नौ घंटे बाद गोलीबारी बंद कर दी गई लेकिन सुरक्षाबलों ने दोनों दहशतगर्दों को घेरा डाले रखा। गुरुवार को मुठभेड़ के दौरान एक जवान बलिदान हो गए। इससे पहले बुधवार को दो कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी बलिदान हो गए और दो जवान घायल हुए। बुधवार को नागरिकों को बचाते हुए सुरक्षाबलों पर अचानक आतंकियों ने हमला कर दिया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा में जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। इस ऑपरेशन में कुल पांच सुरक्षाकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए और दो घायल हुए हैं।

बलिदान अधिकारियों की पहचान कर्नाटक के कैप्टन एमवी प्रांजल, 63 आरआर/ सिग्नल, आगरा के कैप्टन शुभम, 9-पैरा और जम्मू के पुंछ के हवलदार माजिद, 9-पैरा के रूप में हुई है। 9 पैरा के मेजर मेहरा के हाथ और छाती में चोट आई है। उन्हें उधमपुर के कमांड अस्पताल में एयरलिफ्ट कर पहुंचाया गया। यहां उनकी हालत स्थिर है। एक घायल जवान का इलाज राजोरी में 50 जनरल अस्पताल में चल रहा है।

**ये हुए शहीदः** कैप्टन एमवी प्रांजल- मैंगलोर, कर्नाटक, कैप्टन शुभम गुप्ता-आगरा, उत्तर प्रदेश, हवलदार अब्दुल माजिद- पुंछ, जम्मू कश्मीर, एल/एनके संजय बिष्ट- हल्ली पाडली, नैनीताल, उत्तराखंड, पैराट्रूपर सचिन लॉर- नागलिया गिउरोला, जिला-अलीगढ़, उतर प्रदेश।

## मगध सम्राट जरासंध की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में लगा नारा... देश का नेता कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो

**केटी न्यूज/पटना**




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को मगध सम्राट जरासंध की 5226वीं जयंती के अवसर पर राजगीर में आयोजित जरासंध महोत्सव-2023 में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराज जरासंध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। महाराज जरासंध की अति प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना कर एवं कीर्ति ध्वज तथा स्तंभ का पूजन कर मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

जरासंध महोत्सव में अखिल भारतीय जरासंध अखाड़ा परिषद् की ओर से मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया। अखिल भारतीय जरासंध अखाड़ा परिषद् के राष्ट्रीय महासचिव श्याम किशोर भारती ने मुख्यमंत्री को भेंट किये गये अभिनंदन पत्र का वाचन किया। सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी एवं अखिल भारतीय जरासंध अखाड़ा परिषद् के राष्ट्रीय महासचिव श्री श्याम किशोर भारती ने मुख्यमंत्री को महाराज जरासंध की शौर्यता एवं वीरता का प्रतीक गदा भेंट किया। इस मौके पर एक बार फिर कार्यकताओं ने नारा लगा दिया कि 'देश का सीएम कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो। हालांकि पहले भी कई बार नारा लग चुका है लेकिन नीतीश कुमार ऐसा करने वालों को मना करते आए हैं। पर इस बार नीतीश के सामने नारा लगा तो वह सुनते रहे। मना नहीं किया।

मुख्यमंत्री ने राजगीर में सम्राट जरासंध की स्थापित की जा रही 20 फीट ऊंची प्रतिमा के निर्माण कार्य स्थल का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर महाराज जरासंध की प्रतिमा स्थापित करने का कार्य अगले छः माह के अंदर पूर्ण कराएं। प्रतिमा स्थल के चारों तरफ अच्छे ढंग से अधिक-से-अधिक वृक्षारोपण का कार्य भी सुनिश्चित कराएं, इससे यहां का दृश्य हरा-भरा, सुंदर एवं मनमोहक होगा।

## राहुल गांधी को चुनाव आयोग ने भेजा कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पनौती मोदी वाली टिप्पणी पर चुनाव आयोग ने कारण बताओ नोटिस भेजा है। उन्हें शनिवार की शाम 6:00 बजे तक जवाब देने को कहा है। बीजेपी ने बुधवार को ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पार्टी महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और एक अन्य पदाधिकारी ओम पाठक सहित प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य नेताओं ने राहुल गांधी के बयान को अपमानजनक करार दिया था।



## यूपी के साथ डिफेंस एंड स्पेस सहित विभिन्न सेक्टर में साझेदारी के लिए बेल्जियम तैयार

# बेल्जियम के राजदूत ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



यूरोपियन देश किंगडम ऑफ बेल्जियम के भारत में राजदूत डिडिएर वेंडरहासेल्ट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ आये चार सदस्यीय दल ने उत्तर प्रदेश में विभिन्न सेक्टरों में साझेदारी के लिए इच्छा व्यक्त की है। खासकर वेस्ट मैनेजमेंट, डिफेंस एंड स्पेस, सोलर प्रोजेक्ट और सेमी कंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में बेल्जियम की ओर से गहरी रुचि दिखाई गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान किंगडम ऑफ बेल्जियम के राजदूत डिडएर वेंडरहासेल्ट ने उत्तर प्रदेश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों की तारीफ की। इस दौरान वीटो अरबिया साइंस एंड टेक्नोलॉजी एलएलसी के साउथ एशिया और इंडिया ऑपरेशंस के लीड इब्राहिम हफीउर रहमान ने कंपनी द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों का विवरण भी मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया गया। मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से भारत में बेल्जियम दूतावास में प्रथम सचिव पाउला पुपे और फ्लैंडर्स इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेड व बेल्जियम की व्यापार आयुक्त बैबेट डेसफोसेज भी शामिल रहीं।

## राजौरी में शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए जनपद आगरा निवासी सेना के कैप्टन शुभम गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सीएम योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार इस दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ है।

बता दें कि जम्मू के राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए। इनमें आगरा के सपूत कैप्टन शुभम गुप्ता भी शामिल हैं। शुभम वर्ष 2015 में सेना में भर्ती हुए थे। वर्ष 2018 में उन्हें कमीशन मिला था। शुभम की पहली पोस्टिंग ऊधमपुर में हुई थी। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और जनपद की एक सड़क का नाम शहीद शुभम गुप्ता के नाम पर रखने की भी घोषणा की है।

# आरा में कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग, करोड़ों का नुकसान, दीवार गिरने से एक झुलसा

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के चित्रटोली रोड में गुरुवार की शाम शॉट सर्किट के कारण कपड़े की एक दुकान में भीषण आग लग गयी। उससे दुकान धू-धूकर जलने लगे। दीवार भरभरा कर गिरने लगी। आग लगने के कारण शीशे भी टूट कर गिरने लगे। दीवार गिरने और मलबे में दबने से एक अधेड़ झुलस गये। उन्हें काफी चोटें भी आयी है। वह

तरी मोहल्ला निवासी स्व.ददन प्रसाद के 54 वर्षीय पुत्र सूरज प्रसाद हैं। वह दुकान के बगल वाली गली में स्थित एक कपड़ा के दुकान में काम करते हैं। वहीं माले नेता अमित कुमार उर्फ बंटी सहित दो लोग दीवार की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। अगलगी की यह घटना शहर की चर्चित और पुरानी रामचंद्र-काशीनाथ दुकान में हुई है। दुकानदार के अनुसार अगलगी में करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान






जताया जा रही है। इधर, अतिव्यस्त चित्रटोली रोड में भीषण अगलगी की घटना से अफरातफरी और भगदड़ मच गयी। तीन मंजिल दुकान से उठ रही आग की लपटों को देख आसपास के दुकानदारों में भी हड़कंप मचा रहा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की करीब दर्जन भर दमकल पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इधर, सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम के काफी विलंब से पहुंचने के कारण लोगों में काफी नाराजगी रही। उससे दमकल कर्मियों को लोगों का आक्रोश भी झेलना पड़ा। गुस्साए लोगों द्वारा एक दमकल को क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया है। बाद में दर्जन भर थानों की पुलिस और दर्जन भर दमकल पहुंची। दमकल कर्मियों, पुलिस और पब्लिक के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना मिलने पर एसडीओ लाल ज्योति नाथ शाहदेव, एएसपी चंद्रप्रकाश और नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। उसके बाद स्थिति शांत हुई और आग पर काबू पाया जा सका। तबतक दुकान लगभग जल चुकी थी।

**दुकान में काम कर रहे थे बीस स्टाफ, अचानक लग गयी आग:** रामचंद्र काशीनाथ दुकान के मालिक अश्वनी कुमार ने बताया कि वह करीब तीस साल से चित्रटोली रोड में कपड़े की दुकान चला रहे हैं। दुकान में करीब बीस स्टाफ काम करते है। गुरुवार की शाम दुकान में सभी स्टाफ अपना काम कर रहे थे। तभी दुकान के ऊपरी तल्ले में शॉर्ट सर्किट होने के कारण अचानक आग लग गयी। पहले दुकान से धुआं निकल रहा था। उसके बाद देखते ही देखते अचानक आग भभक उठा और आग ने विकराल रुप ले लिया। आग लगने के कारण दुकान में रखे करीब डेढ़ करोड़ के कपड़े पूरी तरह जलकर राख हो गए। दुकान के सभी स्टाफ सुरक्षित हैं। हालांकि आग लगने के कारण दुकान की दीवार गिरने से बगल की गली में दुकान के कर्मी जख्मी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आप लगने के करीब दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर आती, इतना नुकसान नहीं होता।

**तेज आवाज के साथ गिर पड़ी दीवार, मलबे में दबने से अधेड़ झुलसा:** चित्रटोली रोड में कपड़े के दुकान में गुरुवार की शाम लगी भीषण आग के दौरान जोरदार आवाज हुई। इस दौरान दुकान का दाहिने साइड के हिस्से की दीवार भरभरा कर कोजी स्वीट्स वाली गली में गिर गयी। उसके मलबे में एक युवक दस गया और झुलस गया। उसे सर और पैर में चोटें आयी हैं। शरीर के अन्य स्थानों पर आग के छींटे पढ़ने से जख्म हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा रेस्क्यू कर उसे बाहर निकल गया और तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया।

**आग बुझाने में जुटी रही फायर ब्रिगेड की छोटी बड़ी दर्जन भर दमकल:** शहर के मुख्य बाजार चित्रटोली रोड में गुरुवार की शाम कपड़े की बड़ी दुकान में भीषण आग लगने की सूचना मिलने के बाद पुलिस-प्रशासन हरकत में आ गया। सदर एसडीओ लाल ज्योति नाथ शाहदेव, एएसपी चंद्र प्रकाश और नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार काफी संख्या में पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थिति को गंभीरता को देखते हुए, नवादा, कोईलवर, बड़हरा, चांदी, चरपोखरी, उदवंतनगर थाना के साथ ही गीधा, गजराजगंज और धोबहां ओपी सहित अन्य थानों कीपुलिस को घटनास्थल पर बुला लिया गया। वहीं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वज्र वाहन भी तैनात कर दी गई थी।

**आरोप: सूचना देने के दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड व पुलिस की टीम:** शहर के अतिव्यस्त चित्रटोली रोड में गुरुवार की शाम भीषण अगलगी की घटना ने फायर ब्रिगेड और प्रशासन की व्यवस्था की पोल खोल दी है। सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम समय पर नहीं पहुंच सकी। उस कारण दुकान पूरी तरह जल गयी। हालांकि संयोग अच्छा था कि आस पास की दुकान आग की चपेट में नहीं आ सकी। इधर, फायर ब्रिगेड की टीम के काफी लेट से पहुंचने के कारण लोगों में काफी आक्रोश भी देखा गया।

## खबरें फटाफट

### सोन नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**औरंगाबाद ।** सोन नदी से अवैध खनन मामले में एक ट्रैक्टर एनटीपीसी खैरा थाना की पुलिस द्वारा देर शाम जब्त किया गया है जबकि चालाक रात की अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप सोन नदी से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जबकि चालक फरार हो गया। अवैध खनन परिवहन तथा ओवरलोडिंग के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### होमगार्ड जवान हत्याकांड में फरार तीन आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण

**औरंगाबाद।** पुलिस की दबिश पर होमगार्ड जवान की हत्या मामले में फरार तीन अभियुक्तों ने सिविल कोर्ट में आत्म समर्पण किया है। मामला बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र का है। जिसमें 31.10.23 को बड़ेम ओपी और एनटीपीसी खैरा थाना की पुलिस द्वारा बालू माफिया को घेर कर पकड़ने की कोशिश में ट्रैक्टर से कुचलकर होमगार्ड जवान की मौत हो गई थी। आत्म समर्पण करने वालों में दो युवक जबकि एक विधी विरुद्ध किशोर है। इनमें बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के मझियावां गांव निवासी बिट्टू शर्मा, अंगद सिंह एवं विधि विरुद्ध किशोर है।

## औरंगाबाद पुलिस केंद्र में नशा मुक्त बिहार मैराथन दौड़ आयोजित

# नशा है कई बीमारियों की जड़ इससे दूरी बनाएं सभी : एसडीओ

- 400 धावकों ने लिया भाग, नशा मुक्ति जागरूकता को ले डीएम श्रीकांत शास्त्री ने मैराथन को दिखाई हरी झंडी
- दौड़ में 16 वर्ष की आयु से कम एवं 16 वर्ष की आयु से अधिक बालक एवं बालिका ने लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



नशा मुक्त बिहार मैराथन प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को मद्य निषेध जागरूकता दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस केंद्र औरंगाबाद में किया गया। यह 5 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर वर्ग मैराथन दौड़ बालक और बालिका के लिए अलग-अलग आयोजित की गयी। ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज़िला पदाधिकारी ने कहा कि जागरूकता को लेकर नशा मुक्ति दौड़ का आयोजन किया गया। भाग लेने वाले प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरुस्कृत किया गया। सभी धावकों के लिए आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस आयोजन में लगभग 400 बालक और बालिकाओं ने भाग लिया।

डीएम ने आम जनों से अपील की है, इस जागरूकता दौड़ में भाग लेकर नशाबंदी के अभियान को सफल बनाएं। मद्य निषेध अधीक्षक शैलेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि इस हाफ मैराथन दौड़ में 16 वर्षीय की आयु से कम एवं 16 वर्ष की आयु से अधिक के बालक एवं बालिका वर्ग के छात्रों का मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 2000, 1500 एवं 1000 रूपए की पुरस्कार राशि का वितरण जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया। बताया गया कि 23 नवंबर 2023 को पुलिस लाइन से प्रारंभ हाफ मैराथन दौड़ में स्काउट गाइड, एनसीसी एवं विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों सहित आम नागरिकों द्वारा भी भाग लिया गया है। इसके अतिरिक्त 26 नवंबर को नगर भवन, औरंगाबाद में मुख्यमंत्री, बिहार के अभिभाषण का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के प्रदर्शन की व्यवस्था की जाएगी जिसमें औरंगाबाद जिले के सभी माननीय प्रखंड प्रमुख एवं मुखिया गण को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 26 नवंबर 2023 को नशा मुक्ति से संबंधित प्रभात फेरी निकालने का भी निर्देश दिया गया।

इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत ने कहा कि इससे एक समाज में अच्छा मैसेज जाएगा। आप सभी के माध्यम से अनुरोध करूंगा कि सभी लोग नशा से दूर रहें और इस गलत आदत का जमकर विरोध करें। नशा से दूर रहकर ही एक सुंदर और बेहतर समाज और परिवार का निर्माण किया जा सकता है। नशा कई बीमारियों की जड़ है, इससे दूर रहकर ही जीवन को नई दिशा दी जा सकती है। हर किसी को यह संदेश अपने जीवन में न केवल उतारना चाहिए बल्कि दूसरों से भी इसे साझा करनी चाहिए। इस मैराथन का उद्देश्य यह है कि हम सभी लोगों में नशा मुक्ति के प्रति एक चेतना ला सके और इसका प्रचार-प्रसार अच्छे से कर सकें। इस दौरान अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, प्रशिक्षु आईएएस गौरव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीएसपी सदर, वरीय उप समाहर्ता कृष्णा कुमार, वरीय उप समाहर्ता आलोक कुमार, एडीएसएस अमृत कुमार ओझा, मास्टर स्काउट श्रीनिवास कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गेट से आने-जाने के विवाद में देवरानी को जबरन पिलाया जहर, हालत गंभीर

**उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कुसुम्हां गांव का मामला**

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कुसुम्हां गांव में गुरुवार की दोपहर पूर्व के विवाद में जेठ और जेठानी द्वारा जबरन अपनी देवरानी को जहर पिलाने मामले सामने आया है। उसमें महिला की हालत काफी गंभीर बनी है। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।इधर, मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पीड़ित महिला कुसुम्हां गांव निवासी सत्यदेव चौधरी की 33 वर्षीया पत्नी रीता देवी है। महिला के बेटे अंकित कुमार ने बताया कि पूर्व में उसके बड़े पापा वीर बहादुर चौधरी और उनके परिवार वालों से गेट लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था। तब उसके बड़े पापा गेट से आने-जाने पर रोक लगा रहे थे। उसे समय उन लोगों द्वारा उसकी मां की पिटाई की गई थी। हालांकि तब बात खत्म हो गई थी।

गुरुवार की दोपहर वह स्कूल से लौटा तो देखा कि उसकी मां फोन पर नाना से बात कर रही थी। तभी उसके बड़े पापा-मम्मी और उनके परिवार वालों से उसकी मां के बीच कहासुनी हुई। उसके बाद बड़े पापा,मम्मी और उनके बेटो ने गिलास में जहर जबरन उसकी मां पिला दिया। उससे उसकी मां की हालत काफी गंभीर हो गई। उसके बाद उदवंतनगर थाना गश्ती पुलिस पहुंची और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## तमंचे पर बार बालाओं संग डांस करते युवक का वीडियो वायरल



- युवाओं में बढ़ता हथियारों का क्रेज खतरनाक
- थानाध्यक्ष बोले- मामले में वीडियो की हो रही पुष्टि

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अवैध हथियार रखने का शौक युवाओं में बढ़ता जा रहा है। वे दोस्तों में रौब जमाने व शौक के लिए हथियार लेकर घूमते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें तमंचे पर डिस्को का एक वीडियो बड़ी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक बार- बालाओं के साथ जमकर ठुमके लगा रहा है। वहीं, वीडियो वायरल होने पर प्रशासन हरकत में आ गई है। यह वीडियो औरंगाबाद ज़िले के नवीनगर थाना क्षेत्र के पिपराही गांव का है।

हाथों में दो तमंचा लेकर बार-बालाओं के साथ ठुमका लगाने वाले इस शख्स का नाम रौनक सिंह उर्फ सोनल सिंह बताया जा रहा हैं। वीडियो में साफ देख सकते हैं की तमंचे पर डांस करने स्टेज पर पहुंचे शख्स को देख बार - बालाओं मे भय दिख रहा है। गौरतलब हैं कि हथियार रखना युवाओं का शौक कहें या फिर वक्त की नजाकत, या फिर हथियारों की नुमाइश कर दादागिरी चाहे जो भी हो, लेकिन इतना जरूर है कि गत वर्षो से युवाओं में हथियारों के प्रति क्रेज बढ़ता जा रहा है। इन दिनों हथियारों के बल पर लूटपाट की वारदात को अपराधियों द्वारा वारदात को अंजाम दीए जा रहे हैं। युवा तबका देसी के साथ-साथ विदेशी हथियारों को रखने का भी इच्छुक हो चला है।

सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खां ने बताया कि तमंचे पर डिस्को का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की सूचना मिली है जिसमें फिलहाल एफआईआर दर्ज कर लिया गया है, जांच पड़ताल कर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएंगी। इधर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि मामले में विडियो की पुष्टि की जा रही है। हालांकि इस वायरल विडियो की पुष्टि केशव टाइम्स नहीं करता है। यह कब की है और किस उद्देश्य से बनाई गई है।

## पेट्रोल पंप पर सिगरेट पीने से मना किया तो दबंगो ने की मारपीट, तीनों आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह थानाक्षेत्र के गोह- दाउदनगर पथ पर स्थित श्री साईं सर्विस पेट्रोल पंप पर बुधवार की शाम तेल लेने गए कुछ दवंगो को सिगरेट पीने से पंप कर्मचारी ने मना किया तो कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चौवालीस हजार रुपये लूट कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। गोह पुलिस ने आरोपियों को बन्देया थानाक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।



थाना में दिए गए आवेदन में पेट्रोल पंप के मैनेजर शुभम कुमार ने बताया है बुधवार शाम लगभग 4:00 बजे एक चार पहिया वाहन से कुछ दबंग पंप पर पेट्रोल लेने पहुंचे। एक व्यक्ति ने गाड़ी से उतरकर सिगरेट पीना शुरू कर दिया इस समय कर्मचारियों ने सिगरेट पीने से मना किया तो तीनों दबंग गाड़ी से उतरे और कर्मचारियों को पीटने लगे। आरोप है कि इस दौरान दबंगो ने बिक्री का 44 हजार छीन लिये। सूचना मिलते ही गोह पुलिस ने अपने दलबल के साथ भाग रहे आरोपियों का पीछा किया जहां बन्देया थाना क्षेत्र के दरार गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मैनेजर शुभम कुमार के बयान पर प्राथमिक की दर्ज की गई है जिसमें हसपुरा थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी सुभाष कुमार, संतोष कुमार एवं शक्ति कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## छापेमारी में 115 लीटर देसी शराब बरामद, 11 हजार लीटर जावा महुआ पास किया विनिष्ट

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

मादक पदार्थो की खरीद फरोख्त के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप दो अलग - अलग थाना की पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई नबीनगर एवं ओबरा थाना की पुलिस द्वारा की गई जिसके फलस्वरूप करीब 11 हजार लीटर महुआ पास विनष्ट किया गया है और 115 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। इस दौरान नवीनगर थाना की पुलिस द्वारा तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों में रोहतास ज़िले के नोखा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी बब्लू कुमार उर्फ प्रकाश, लेवरा गांव निवासी लाल मोहन चौधरी एवं लालगंज गांव निवासी वीरेंद्र कुमार हैं। यह कार्रवाई थाना अंतर्गत महुआरी गांव के मगधर नदी किनारे स्थित जंगल में की गई। जहां से शराब की कई भट्टी को नष्ट किया गया और 600 लीटर महुआ पास विनष्ट किया गया तथा 15 लीटर देसी महुआ चुलाई शराब एवं शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण जब्त किया गया। वहीं ओबरा थाना की पुलिस द्वारा सोन नदी दियारा क्षेत्र में छापामारी के दौरान कुल - 10000 लीटर महुआ जावा पास को विनष्ट किया गया। इसके आलावा 100 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया है। जबकि करोबारी फरार हो गए। संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई जारी है।

**चाल्हो पहाड़ पर पुलिस ने की छापेमारी, पांच क्विंटल जावा महुआ पास विनष्ट:** कच्ची शराब निर्माण के विरुद्ध सलैया थाना की पुलिस ने चाल्हो पहाड़ पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में जावा महुआ पास बरामद किया। इसके बाद उसे यथा स्थान पर विनिष्ट किया गया। वहीं इस दौरान दो शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया है। जबकि करोबारी मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोनारचक गांव के समीप पहाड़ पर छापेमारी की गई जिसमें पांच क्विंटल जावा महुआ पास विनष्ट किया गया है। संदर्भ में अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज.कार्रवाई की जाएंगी।

## एक नजर

### औरंगाबाद में मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**अंबा (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं मृत वोटर के नाम को मतदाता सूची से हटाने के लिए प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोक शिकायत एडीएम जयप्रकाश नारायण एवं अपर समाहर्ता सह जिला दंडाधिकारी ललित भूषण रंजन ने बीएलओ को मतदाता सूची में महिला एवं पुरुष के अनुपात को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के एक भी वोटर का नाम नहीं छुटना चाहिए। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंचल अधिकारी अभय कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी हरेंद्र चौधरी, सीडीपीओ श्वेता कुमारी एवं बीएलओ उपस्थित थे।

### परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बने छपरा के जिला जज, सम्मान समारोह आयोजित



**औरंगाबाद ।** परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में अयोजित किया गया। विदित हो कि पटना हाईकोर्ट के निदेर्शानुसार प्रधान न्यायाधीश को व्यवहार न्यायालय छपरा का जिला जज बनाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व स्वागत भाषण जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने किया और संचालन अधिवक्ता नीरज कुमार मंटू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव नागेंद्र सिंह ने किया। जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष व महासचिव ने शॉल और बुके देकर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय को सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिला जज सम्पूणानंद तिवारी ने कहा कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के 12वें प्रधान न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग अपने संक्षिप्त कार्यकाल में बहुत अच्छा न्यायिक कार्य कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। प्रधान न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने बताया कि 02.08.23 से परिवार न्यायालय का प्रधान न्यायाधीश हूं आज आप सभी के बीच सम्मान समारोह से अभिभूत हूं । हम चाहेंगे कि बार और बेंच का मधुर संबध इसी तरह से बरकरार रखें।

## औरंगाबाद के ढिबरा थाना का मामला, भ्रमण पर निकले थानाध्यक्ष की तत्परता से मिली सफलता

# मानवीय चेहरा... पुलिस ने गुमशुदा किशोर को परिजनों से मिलाया

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

पुलिस जनता का हर संभव सहयोग और मित्रतापूर्ण व्यवहार कर एक अच्छी छवि बनाने की दिशा में सराहनीय काम कर रही है जिसके मद्देनजर आज पुलिस की मानवीय व्यवहार ने गुमशुदा किशोर के माता- पिता का दिल जीत लिया। दरअसल मामला ढिबरा थाना का है। गुरूवार की दोपहर क्षेत्र भ्रमण पर निकले थानाध्यक्ष पवन कुमार ने सड़क



किनारे पैदल चल रहे एक 10 वर्षीय किशोर को तेतराईन गांव के समीप रोककर आवश्यक पूछताछ की। इस दौरान किशोर ने घर - पते की सही जानकारी दी लेकिन विपरीत दिशा जाने पर उन्होंने गंभीरता से पूछ-ताछ की तो पता चला वह गुम हो गया है। इसके बाद थानाध्यक्ष ने किशोर के परिजनों को सूचना दी।

इस दौरान पता चला कि किशोर अंबा थाना क्षेत्र के कर्मडीह गांव अपने ननिहाल में रह कर पढाई करता था लेकिन आज सुबह ननिहाल वालों को बिना बताएं अपने घर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इबनपुर गांव के लिए निकला था। लेकिन भटक कर यहां पहुंच गया। किशोर की पहचान उस गांव निवासी पिंटू यादव के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुमशुदगी की जानकारी किशोर के परिजनों को दी गई जिस पर थाना पहुंचे परिजनों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत किशोर को सुपुर्द कर दिया गया। इधर किशोर के मिलते ही परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वह पुलिस को दुआएं देते हुए किशोर को अपने घर ले गए।

## बाइक सवार ने मासूम को मारी ठोकर, जख्मी

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा-माली पथ पर गोवास प्राथमिक विद्यालय के समीप बाइक की ठोकर से एक बच्चा बुरी तरह से जख्मी हो गया। यह घटना गुरुवार की दोपहर की है। घायल बच्चे की पहचान कुटुंबा के गोवास गांव निवासी रंजीत साव के आठ वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सत्यम उक्त स्थल पर सड़क पार कर रहा था। इसी क्रम में एक बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दी और फरार हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले गए। जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# नशा मुक्ति मिनी मैराथन में दौड़े डीएम व अन्य अधिकारी, नशा से परहेज का दिया संदेश

- कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, मद्य निषेध विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ मिनी मैराथन

**केटी न्यूज/बक्सर**






गुरूवार को बक्सर में नशामुक्ति मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटना डीएम अंशुल अग्रवाल ने हरी झंडी दिखा किया। इस मिनी मैराथन में पुरूष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर तथा महिला वर्ग के लिए 5 किलोमीटर के दौड़ का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्साहवर्द्धन तथा लोगों को नशा पान से परहेज के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से डीएम ने भी अन्य अधिकारियों के साथ कुछ दूर तक दौड़ लगाई। यह आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग, मद्य निषेध विभाग व जिला प्रशासन, बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ था।

**नशा नाश की जड़ है - डीएम**

डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नशे को छोड़कर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान रखना है। जिससे नशा मुक्त बिहार, स्वास्थ बिहार की परिकल्पना पूर्ण की जा सके। उन्होंने कहा कि नशा नाश का जड़ है। नशे के सेवन के कारण कई किशोर व युवा गलत संगत में पड़ जाते है। वही उनका चारित्रिक पतन भी हो जाता है। कई अपराध की दलदल में भी चले जाते है। जबकि नशा पान से शरीर में कई तरह की बीमारियां होती है। कभी कभी तो दिमाग पर भी असर पड़ता है। उन्होंने लोगों से सभी तरह के नशा का परहेज करने की अपील की।

**प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

इस मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम से दसवें स्थान तक के प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागी को मेडल के साथ ट्रैकसूट देकर ने सम्मानित किया। साथ ही पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रतिभागियों को स्पोर्ट शूज देने को कहा गया। इस प्रतियोगिता में 05 किलोमीटर महिला वर्ग में सोंधिला की रूपा कुमारी प्रथम, कम्हरिया की चांदनी कुमारी द्वितीय एवं महदह की संगीता कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वही 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में सांथ के अमित कुमार प्रथम, धरौली के साजन कुमार द्वितीय एवं नियाजीपुर के जगनारायण पाठक तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग के 10 किलोमीटर की दौड़ में जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने भाग लिया एवं इसे सफलता पूर्वक पूरा भी किया।

**चौथे से दसवे स्थान तक के प्रतिभागियों को भी मिला पुरस्कार:** नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए आयोजित मिनी मैराथन दौड़ में क्रमशः 4, 5, 6, 7, 8, 9 एवं 10वे स्थान प्राप्त करने वाले बालक वर्ग के विजेताओं धरौली के राजेश कुमार, सोनू कुमार, चुरामनुपर के रामदेव पाल, धरौली के विकास कुमार एवं उड़ियानगंज के अटल बिहारी वही बालिका वर्ग में चौथे से दसवें स्थान तक आने वाली क्रमशः भिखमडेरा की दीपा कुमारी, महदह की पार्वती कुमारी, बक्सर की सुप्रिया कुमारी, बराढ़ी की नेहा कुमारी, सिविल लाईन बक्सर की तरन्नुम परवीन, योगिया की इन्दु कुमारी एवं नावानगर की निशा कुमारी को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीडीसी डा. महेन्द्र पाल, बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र, एसडीपीओ धीरज कुमार, उत्पाद अधीक्षक बक्सर के साथ ही सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### यज्ञ देख लौट रहे युवकों की बाइक पलटी, एक की मौत, दो जख्मी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के हरनी चट्टी मोड़ के पास बुधवार की रात एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसी बाइक पर सवार दो अन्य युवकों को गंभीर चोटें आई है। घटना रात 9.30 बजे की है। मृतक व जख्मी स्थानीय थाना क्षेत्र के लहना गांव के रहने वाले है। मृतक लहना के सुरेन्द्र दूबे के 17 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार दूबे व जख्मी की पहचान शिवजी दूबे के 17 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार दूबे तथा सुनील कुमार दूबे के पुत्र चंदन कुमार दूबे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक पर सवार हो इटाढ़ी में यज्ञ देखने गए थे। रात में लौटने के दौरान उकनी बाइक अनियंत्रित हो हरनी चट्टी के पास पलट गई। इस घटना में आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। वही कोरानसराय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

## टॉप 20 अपराधियों की लिस्ट में था शामिल, नेपाल भागने की फिराक में था

# करोड़ों के गबन का आरोपी बीज निगम का केन्द्राधीक्षक मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार

- चार दर्जन से अधिक किसानों से करोड़ों का गेहूं व धान ले फरार हो गया था क्रेन्द्राधीक्षक
- मुरार थाने में तीन व बक्सर नगर थाने में दर्ज हैं धोखाधड़ी के चार मामले

**केटी न्यूज/डुमरांव**



मुरार पुलिस ने जिले के किसानों का करोड़ो रूपए का गबन करने वाले बिहार राज्य बीज निगम बक्सर के केन्द्राधीक्षक अजित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना व तकनीकि साधनों द्वारा मुजफ्फरपुर के अहियारपुर से की गई है। वह जिले के टॉप 20 अपराधियों में शामिल था। गुरूवार को डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए केन्द्राधीक्षक पर बक्सर नगर थाने में धोखाधड़ी के चार व मुरार थाने में तीन समेत कुल सात एफआईआर दर्ज है। अकेले मुरार के तीन किसानों से उक्त केन्द्राधीक्षक ने कुल 41 लाख रूपए के धान व गेहूं के राशि का गबन किया है। जबकि जिले के करीब 50 से अधिक किसानों का करोड़ो रूपए लेकर चंपत हो गया था। पुलिस की मानें तो वह नेपाल भागने की फिराक में था। लेकिन उसका लोकेशन टेज्श कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी से किसानों को उनका हक मिलेगा। उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद कर रहे थे। टीम में मुरार थाने के एएसआई राजकुमार सिंह, रविशंकर सिंह, धनजी कुमार व गृह रक्षक आलोक कुमार शामिल थे।

**पूर्व मंत्री के भतीजा व भांजे ने दर्ज कराया था एफआईआर:** मुरार थाने में बीज निगम बक्सर के केन्द्राधीक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वालों में बिहार सरकार के पूर्व पथ निर्माण एवं परिवहन मंत्री रहे चौगाई निवासी बसंत सिंह के भतीजा चैतन्य सिंह, उनका भांजा आजातशत्रु सिंह तथा एक अन्य किसान मो. चुन्नु शामिल है। अजित ने इन किसानों से करीब 41 लाख रूपए का धान व गेहूं खरीदा था। लेकिन उनके पैसे का भुगतान नहीं किया था। वही चार अन्य किसानों ने बक्सर नगर थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। जबकि दर्जनों किसान एफआईआर तक दर्ज नहीं कराए है।

**दर्जनों किसानों ने नहीं दर्ज कराया है एफआईआर:** मिली जानकारी के अनुसार गबन के आरोपी केन्द्राधीक्षक ने जिले के करीब 50 से अधिक किसानों के करोड़ो रूपए मूल्य के गेहूं व चावल को हड़प लिया है। अधिकांश किसानों ने कानूनी पचड़े से बचने के लिए एफआईआर तक दर्ज नहीं कराया। जबकि सूत्रों की माने तो चौगाईं के एक किसान ने उसे झांसे में अपने दरवाजे पर बुला बंधक बना अपना रूपया वसूला था। वही अन्य किसान अभी भी ठगा महसूस कर रहे है। बहरहाल केन्द्राधीक्षक की गिरफ्तारी के बाद अब देखना है कि ठगी के शिकार किसान आगे आकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करा रहे है कि नहीं।

**क्या कहते है एसडीपीओ:** बीज निगम के केन्द्राधीक्षक पर मुरार व बक्सर नगर थाने में धोखाधड़ी के सात एफआईआर दर्ज है। उस पर करोड़ो रूपए के गबन का आरोप है तथा वह टॉप 20 अपराधियों की सूची में शामिल था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। **- अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

## एक नजर

### डुमरांव के राजगोला रोड में धावा दल ने छापेमारी कर दो बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**डुमरांव।** नगर के राजगोला रोड में शहीद गेट के समीप स्थित एक हार्ड वेयर की दुकान पर धावा दल की टीम ने छापेमारी कर दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। उन्हें मुक्त कराने के साथ ही प्रतिष्ठान संचालक पर बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम के तहत जुमार्ना तथा अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जबकि मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों को बाल सुधार गृह बक्सर भेज दिया गया है। छापेमारी का नेतृत्व प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विभा कुमारी के नेतृत्व में किया गया था। जिसमें धावा दल के सदस्यों के अलावे स्थानीय थाने की पुलिस मौजूद थी। धावा दल की इस कार्रवाई के बाद बाल श्रमिकों से काम लेने वाले दुकानदारों व व्यवसायियों की मुश्किलें बढ़ गई है। बता दें कि डुमरांव व अनुमंडल के ग्रामीण क्षेत्र के चाय नाश्ता व मिठाई की दुकानों से लगायत बड़े प्रतिष्ठानों पर भी बाल श्रमिकों से काम करवा बाल श्रम का उल्लंघन किया जाता रहा है। वही श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विभा ने कहा कि बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल श्रम कराना अपराध है तथा ऐसा कराने वालों पर जुर्माना का प्रावधान भी है।

### पीएचईडी विभाग के अपर सचिव ने किया केशोपुर जलशोध संयत्र का निरीक्षण

**बक्सर।** गुरूवार को पीएचईडी विभाग के अपर सचिव संजीव कुमार ने सिमरी प्रखंड के केशोपुर गांव में निमार्णाधीन जलशोध संयत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ डीएम अंशुल अग्रवाल एवं पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता धीरज कुमार सिंह मौजूद थे। अपर सचिव ने जलापूर्ति योजना के सभी मुख्य अवयवो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में संवेदक प्रतिनिधि एवं कनीय अभियंता द्वारा अपर सचिव को बताया गया कि इस जल शोध संयत्र को चार जोन बलिहार, सोनवर्षा, गड़नी एवं अर्जुनपुर में राइजिंग मेन टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके बाद अपर सचिव ने सभी जोनों के 07 पंचायत के 47 वार्डों में दिनांक 23 नवंबर 2023 से गंगा नदी का शुद्ध पेयजल की जलापूर्ति करने का निर्देश दिया। इसके अलावा 4 जोन गायघाट एवं सिमरी, आशा पडरी, गंगौली एवं नियाजीपुर में चरणबद्ध तरीके से एक सप्ताह के अंदर गंगा के जल को शुद्ध कर जलापूर्ति चालू करने को कहा गया। उन्होंने योजना के शेष बचे सभी कार्यों को डेढ़ माह के भीतर पूरा कर सभी गांवों में गंगा नदी के शुद्ध जल से जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

### देवोत्थान एकादशी पर तुलसी पूजन कर महिलाओं ने की सुख समृद्धि की कामना



**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय व ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को देवोत्थान एकादशी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर परंपरागत तरीके से तुलसी विवाह व तुलसी पूजन धूमधाम के साथ किया गया। जहां महिलाओं ने व्रत रख कर विशेष पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। तुलसी विवाह को लेकर महिलाएं सुबह से ही तैयारियों में जुटी हुई थीं। पूजा में विशेष तौर पर गन्ना या मूली से तुलसी पौधे को विशेष रूप से सजाया गया। वहीं श्रृंगार सामग्री भी चढ़ाई गई। साथ ही लाल चुनरी, प्रसाद, गन्ना व दीपक जला कर पूजन विधि संपन्न कर घर में सुख शांति की कामना की गई। कहीं-कहीं मंदिरों में स्थित तुलसी विवाह पूजन कर कथा भी सुनाई गई। जहां व्रत रखने के महत्व के बारे में भी बताया गया। मान्यता है कि देवोत्थान एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जगते है। इस दिन तुलसी पूजन व तुलसी विवाह का विशेष महत्व है। वही पूर्णिमा के दिन भी तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है।

### निदान केन्द्र में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर



**डुमरांव।** गुरूवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित निदान केन्द्र में एक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन कर न्यूरो मरीजों की जांच व जरूरी सलाह दिया गया। यह आयोजन अस्पताल संचालक अक्षय कुमार व बनारस के चर्चित न्यूरो विशेषज्ञ डा. पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ था। जिसमें न्यूरो के मनोरोग के सैकड़ो मरीजों की मुफ्त जांच कर उन्हें जरूरी सलाह दिया गया। डा. पंकज ने कहा कि इस क्षेत्र में न्यूरो मरीजों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि मरीजों को दवाई के साथ ही नियमित व्यायाम की सलाह दी गई है। कई मामलों में व्यायाम दवाई से अधिक कारगर होता है। उन्होंने कहा कि न्यूरो की बीमारी जटिल जरूर है लेकिन लाइलाज नहीं है। डा. पंकज ने कहा कि समय से उचित इलाज लेने पर यह बीमारी ठीक हो जाती है। वही अस्पताल संचालक ने कहा कि क्षेत्र के मरीजों की समस्या को ध्यान में रखकर ही इस कैंप का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे आयोजन होते रहेंगे। मौके पर नियाजीपुर के दुर्गाशरण पाठक, चुरामनपुर की संगीता देवी, छोटका सिंहनपुरा के धर्मेन्द्र यादव समेत सैकड़ो मरीज तथा उनके परिजन मौजूद थे।

## खाना पकाने के दौरान फटा प्रेशर कुकर, महिला जख्मी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरुवार की सुबह स्थानीय थाना क्षेत्र के नंदन गांव में खाना पकाने के दौरान प्रेशर कुकर फटने से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनन फानन में उसे इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। महिला की पहचान नंदन के विजय गुप्ता की 40 वर्षीय पत्नी कौशल्या देवी के रूप में हुई है। इस घटना में उसका पूरा चेहरा तथा शरीर के कई अन्य हिस्से जल गए है। परिजनों ने बताया कि वह रसोई में बैठ खाना पका रही थी। इसी दौरान प्रेशर कुकर अचानक फट गया। कुकर फटने से तेज धमाका जैसा आवाज हुआ। जिसे सुन आस पास के लोग भी दौड़े भागे आ गए थे। घटना के बाद से परिजन भयाक्रांत है। डाक्टरों ने उसकी स्थिति को चिंताजनक बताया है।

## बालापुर दोहरे हत्याकांड का उद्भेदन, अपने ही निकले कातिल

**बक्सर।** 17 नवंबर की रात औद्योगिक थाना क्षेत्र के बालापुर गांव में एक महिला व उसके पांच वर्षीय मासूम बेटी की निर्मम हत्या में अपनों के हाथ दागदार हुए है। पुलिस ने पांच दिनों के अंदर ही इस हत्याकांड का उदभेदन कर मृतका के पति व देवर को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि 17 नवंबर की रात बालापुर के लाला यादव के पुत्र बब्लू यादव की 35 वर्षीय पत्नी अनीता देवी व पांच वर्षीय बेटी की किसी ने धारदार हथियार से काट नृशंस हत्या कर दी थी। इस मामले में जहां लाला यादव ने बताया था कि रात में चोरी की नियत से घुसे चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है वहीं मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया था। इस मामले में बक्सर एसपी मनीष कुमार व सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने जब जांच तथा परिजनों से पूछताछ की तो मामला परत दर परत खुलते चला गया। इस मामले में पुलिस को मृतका के पति बब्लू यादव व देवर संजय यादव के खिलाफ पुख्ता सबूत मिला।

## भगवान वामन मंदिर में जले 1100 दीप

**केटी न्यूज/बक्सर**



गुरूवार को देवोत्थान एकादशी पर नगर के सुमेश्वर स्थान स्थित वामन भगवान मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 1100 दीप जलाए गए। यह आयोजन भगवान वामन चेतना मंच के तत्वावधान आयोजित किया गया था। जिसका शुभारंभ सोशल एक्टिविस्ट ध्यान योग गुरु वर्षा पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने व संचालन संजय ओझा ने किया। गंगा किनारे स्थित भगवान वामन के मंदिर में एक हजार एक सौ दीपक जलाएं गए। दीपोत्सव के दौरान पूरा मंदिर परिसर दीपों की झिलमिल रौशनी से नहा उठा था।

इस दौरान वर्षा पांडेय ने कहा कि भगवान विष्णु चार माह के योग निद्रा से देवोत्थान एकादशी के दिन ही जगते हैं। इस दिन तुलसी के साथ शालिग्राम का विवाह कराया जाता है। इसके बाद सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। तुलसी की विशेष पूजा की जाती है। इसकी पूजा करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि तुलसी अपने आस-पास के वातावरण शुद्ध बनाती है। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। आंगन में तुलसी का पौधा लगाने से वास्तु दोष भी दूर होते हैं। इस दौरान छविनाथ त्रिपाठी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना और आरती की गई। श्रद्धालुओं के जय घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। दीपोत्सव के बाद भजन कीर्तन का का आयोजन किया गया। वही अंत में भगवान वामन को जेल परिसर से मुक्त कराने की मांग की गई। गौरतलब है कि देवोत्थान एकादशी का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। मान्यता है कि सृष्टि के पालक भगवान विष्णु जब अपनी चार महीने की योगनिद्रा से जगते है तो वे फिर से सृष्टि का संचालन शुरू करते है। यही कारण है कि इस दिन से सभी मांगलिक कार्य शुरू होते है। मौके पर रणधीर ओझा, संजय ओझा, प्रमोद चौबे, मनोज तिवारी, अजय चौबे, मनोज दूबे, अवधेश चौबे, धनंजय मिश्र, सरोज तिवारी, अभिषेक ओझा, प्रकाश पांडेय व अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डुमरांव के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय पहुंचे, शिक्षकों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

# केके पाठक की चेतावनी... शिक्षक समय से आएं स्कूल, नहीं तो छोड़ें नौकरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



गुरुवार की शाम शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक डुमरांव के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय पहुंच बीपीएससी उत्तीर्ण नव चयनित शिक्षकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समय से स्कूल आए और समय से विद्यालय छोड़ें। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक समय से स्कूल नहीं आ पा रहे है तो बेहतर है कि वे नौकरी छोड़ दे। उन्होंने नव चयनित शिक्षकों का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय से 15 किलोमीटर के दायरे में रहने तथा हर दिन समय से स्कूल जाने और आने का निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षकों के तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि यह समय तकनीकी शिक्षा का है। शिक्षकों को भी इसमें दक्ष होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को धरातल पर उतरना हमारा लक्ष्य है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अब प्राथमिक स्कूलों में भी स्मार्ट क्लास संचालित होंगे। बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा दी जाएगी। विभाग द्वारा इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके पहले उन्होंने डाइट में चल रहा है प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षु शिक्षकों से प्रशिक्षण तथा भोजन से संबंधित जानकारियां ली। वे करीब आधा घंटा तक डायट में रुके थे। इस दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल, डुमराव एसडीओ कुमार पंकज, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी, शिक्षा विभाग के सभी डीपीओ तथा डायट के प्राचार्य विवेक कुमार मौर्य उपस्थित थे।

### केके पाठक के आगमन की सूचना पर हलकान रहे शिक्षक

**बक्सर।** गुरूवार को शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक के आने की सूचना से शिक्षा विभाग में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। वहीं पूरे दिन शिक्षक भी परेशान रहे। विभिन्न स्त्रोतो से वे लगातार विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों से केके पाठक के आगमन को लेकर अपडेट हो रहे थे। हालांकि पूरे दिन के इंतजार के बावजूद शिक्षा सचिव बक्सर नहीं पहुंचे। लेकिन उनके आने की सूचना ने शिक्षकों की बेचैनी बढ़ा दी थी। शिक्षक सुबह 9 बजे से 4 बजे तक स्कूल में जमे रहे।

# रेलवे प्रशासन ने रतनपुरा बाजार में अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया बुलडोजर

**केटी न्यूज/मऊ**



रेलवे प्रशासन द्वारा रतनपुरा बाजार में गुरुवार को व्यापक रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया । इस अभियान के तहत आवंटित भूमि से अधिक पर निर्माण करने वालों का अतिक्रमण हटा दिया गया ।कहीं-कहीं रेलवे की खाली भूमि पर भी कतिपय लोगों ने अपनी दुकान खोल रखी थी। इस अतिक्रमण विरोधी अभियान में उन्हें भी हटा दिया गया। गुरुवार की प्रातः जैसे ही स्थानीय लोगों को अतिक्रमण विरोधी अभियान की जैसे ही भनक लगी दुकानदारों ने अपना अतिक्रमण हटाना प्रारंभ कर दिया। बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के साथ एक प्लाटून पीएसी, आरपीएफ के उप निरीक्षक मनोज कुमार, हृदयानंद तिवारी के साथ ही साथ थानाध्यक्ष रामपुर गंगासागर मिश्रा, थाना सरायलखंसी, थाना हलधरपुर की फोर्स और महिला पुलिस के साथ लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान के दस्ते के साथ चल रहे थे। यह अतिक्रमण विरोधी अभियान मऊ रेलवे के आई ओ डब्लू कृपा शंकर लाल एवं सफीकुल्लाह अंसारी के निर्देशन में चलाया गया। दोनों ही अधिकारी मौके पर अतिक्रमण हटाओ दस्ते को दिशा निर्देश दे रहे थे। बड़ी जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ उपस्थित थीं।

रतनपुरा बाजार के पूर्वी छोर पर अवस्थित बहुचर्चित नेता चौराहा से अतिक्रमण विरोधी अभियान का श्री गणेश हुआ। अतिक्रमण हटाओ अभियान बाजार के पश्चिमी सिरे तक चलाया गया। इस कार्रवाई में पूरे दिन का समय लगा । इस अभियान से रेलवे के आवंटियों में हर तरफ अफरातफरी का माहौल रहा। इस बार रेलवे मात्र अवैध अतिक्रमण नहीं हटा रही है। वहां पर खोदाई भी जेसीबी मशीन से करा दे रही है।

**पूरे दिन मची रही अफरा तफरीः** रेलवे प्रशासन द्वारा रतनपुरा में चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान 10:00 बजे प्रातः से शुरू होकर एक 15 बजे समाप्त हो गया। इस दौरान सुरक्षा घेरे में रेलवे प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया। साथ ही इस बात की चेतावनी दी कि भविष्य में भी कोई रेलवे भूमि पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान बाजार में अफरा तफरी का आलम रहा। व्यापारी परेशान रहे।

**अभियान से रतनपुरा बाजार हो गया वीरानः** अतिक्रमण अतिक्रमण विरोधी अभियान से रतनपुर कस्बा वीरान हो गया। बाजार अतिक्रमण हटाओ अभियान के चलते रतनपुरा बाजार की सूरत बदल गई। गुलजार सा रहने वाला बाजार बुझा बुझा वीरान सा नजर आने लगा।

**रोज कमाने खाने वालों के रोजगार पर लगा ग्रहणः** बाजार के छोटे दुकानदार जो रोज कमाते हैं, रोज खाते हैं ।इसी तरह गुमती एवं ठेले पर अपनी दुकान चला कर रोजी-रोटी चलाते हैं। वह भारी परेशानी में हैं। उनके सामने अब यक्ष प्रश्न घूम रहा है कि आखिर रोजी-रोटी चलेगी तो कैसे।

## खबरें फटाफट

### तहसील के शौचालय में खून के धब्बे व बेसिन के टूटने से मचा हड़कंप

**गाजीपुर।** जखनियां तहसील के विधिक सेवा समिति भवन में स्थित शौचालय के अंदर दरवाजा टूटा और पेशाब करने वाले तीन बेसिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त और ईट का टुकड़ा सहित खून के छीटें शौचालय से लेकर दरवाजे के पास भी गिरे हुए थे तथा क्षतिग्रस्त बेसिन के तीन टुकड़े खून से सने शौचालय के पीछे पड़े थे। पूर्वाह्न 11बजे कुछ अधिवक्ताओं ने देखा तो पूरे तहसील में खलबली मच गई। इसकी खबर मिलते ही एसडीएम कमलेश सिंह ने पहुंचकर देखा। फिर थाना प्रभारी तारावती को भी सूचना दी। मौके पर पुलिस जांच -पड़ताल में जुटी रही ।एसडीएम कमलेश सिंह ने कहा कि हो सकता है कोई बीमार मवेशी अपनी शरीर को रगड़ा हो। इससे बेसिन क्षतिग्रस्त हो गई हो और खून के छीटें पड़ गए हों। कोतवाल तारावती ने कहा कि यह बातें उपजिलाधिकारी ही बता पाएंगे, लेकिन लोगों को यह दृश्य देखने के बाद प्रतीत नहीं हो रहा है कि यह किसी मवेशी का खून है।

### फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

**गाजीपुर।** बिरनो थाने के अरखपुर गांव में बुधवार को देर शाम नवविवाहिता का शव एक कमरे में रस्सी के फंदे से पखे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को नीचे उतारा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद ससुराल पक्ष दहेज के लिए मेरी बेटी को प्रताड़ित करता रहता था और आज हमारी बेटी को मारकर फंदे से लटका दिए हैं। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए। मृतका के पिता ने पति सहित सास व ससुर के खिलाफ दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है। पुलिस ने पति समेत सास ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गाजीपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी रामबचन चौहान की पुत्री चिंता देवी- 24 की शादी इसी साल बिरनो थाना क्षेत्र के अरखपुर गांव निवासी लालजी चौहान -26 पुत्र गणेश चौहान के साथ हिंदू रीति -रिवाज के साथ हुई थी।

## प्रभारी मंत्री ने संकल्प यात्रा कार्यक्रम को किया संबोधित

# डबल इंजन की सरकार में हो रहा उप का चहूंमुखी विकासः दयाशंकर

**केटी न्यूज/बलिया**



उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और जनपद के प्रभारी मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु जी जनपद के पन्दह ब्लॉक के ग्राम चक उसरैला प्राथमिक विद्यालय में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, पंचायत समिति के सदस्य, क्षेत्र पंचायत समिति के सदस्य, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं आस पास के गांवों ग्रामीण मौजूद थे। यहां पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार देश और प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से किसानों को 6 हजार, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कामगारों को ट्रेनिंग देकर 20 हजार का मुफ्त टूलकिट प्रदान करना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को बताया और कहा कि ये सभी जन कल्याणकारी योजनाएं देश और राज्य के गरीब और वंचित तबके के के लोगों के लिए बनाई गई है। सरकार इन योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव में गरीब लोगों के लिए आवास, शौचालय, मुफ्त गैस सिलेंडर, मुफ्त राशन की व्यवस्था,प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए एमडीएम और डीबीटी के माध्यम से उनके बैग, जूते और ड्रेस के लिए नकद राशि, जननी सुरक्षा योजना के तहत बच्चियों को विभिन्न स्तरों पर राशि प्रदान करना जैसी महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि वह ग्राम पंचायत पर कैंप लगाकर सभी पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ दिलाएं। इसलिए सभी महत्वपूर्ण विभागों ने अपना स्टाल लगाया है जहां पर पात्र लाभार्थी पहुंचकर अपना पंजीकरण कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

**प्रभारी मंत्री ने आईईसी वैन को दिखाई हरी झंडीः** कार्यक्रम स्थल पर प्रभारी मंत्री ने आईईसी सूचना, शिक्षा और संचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आईईसी वैन द्वारा संचालित गतिविधियों और लोगों की भागीदारी की डाटा को डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन द्वारा तैयार एक पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

### छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर आरपार के मूड में छात्र

**बलिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल छात्र संघ चुनाव बहाली को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी से मिलने के क्रम में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। इसके बाद पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झून्नू ने जिलाधिकारी को पत्रक दिया। झुन्न सिंह ने कहां की इस बार छात्रसंघ चुनाव बहाल करने के लिए पद यात्रा के माध्यम से पूर्वांचल सहित पूरे उत्तर प्रदेश को जगाने का काम किया आज कि स्थिति ये है कि पूरे उत्तर प्रदेश के सभी जनपद के छात्र नेता आंदोलित एवं संघर्षरत है लेकिन प्रदेश कि सरकार के कान में जू तक नही रेंग रहा। अगर ऐसे ही चलता रहा, तो आने वाले लोकसभा के चुनाव में सत्ताधारी पार्टी के पुरजोर विरोध कर सुपाड़ा साफ कर देंगे।

श्री सिंह ने कहा कि ये छात्र संघ चुनाव बहाली की लड़ाई अंतिम सांस तक लेकर लड़ा जायेगा। आदित्य योगी ने कहा कि छात्र संघ चुनाव न होने का नतीजा है कि आज पूरे साल छात्रों को पेपर के नाम पर मानसिक, आर्थिक एवं शरारिक दोहन किया जा रहा और छात्र संघ के न होने से पूरे प्रदेश में मात्र 20 प्रतिशत छात्रों का छात्रवृति आया। अगर छात्र संघ होता तो 90 प्रतिशत छात्रों का छात्रवृति आता। इस मौके पर अभिषेक वर्मा, आशीष सिंह, मदनी नसीम, प्रफूल राज, धर्मेन्द्र नाथ वर्मा, आदर्श मिश्रा, द्विवेश तिवारी, रितेश पाण्डेय, अब्दुल साकिर, व अन्य मौजूद रहे। संचालन छात्र नेता सूरज गुप्ता ने किया।

## नकब लगाकर बर्तन की दुकान से हजारों रूपए का सामान ले उड़े चोर



**केटी न्यूज/बेरूआरबारी**

नकब लगाकर बर्तन की दुकान से चोरी होने पर सुखपुरा चट्टी निवासी मोहन प्रसाद गुप्ता गुरुवार की सुबह सुखपुरा थाने में तहरीर दी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मोहन प्रसाद गुप्ता के बर्तन की दुकान जो सुखपुरा चट्टी में है। उसके पिछले दीवार में चोरों ने बीती रात नकब लगाकर अंदर प्रवेश किया और उसमें रखा 10 हजार रूपए नगद समेत चांदी के बर्तन व अन्य धातुओं के बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार की सुबह मोहन प्रसाद जैसे ही अपनी दुकान खोले तो उनकी पैरों तले जमीन खिसक गई। उधर इस संबंध में सुखपुरा थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है, छानबीन की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## चंदौली के जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, बोले-तय मानक के साथ निर्माण कार्यों में लाएं तेजी

**केटी न्यूज/चंदौली**

जनपद में मुख्यमंत्री के 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी ने शुक्रवार को कलेक्टर सभागार की। इसमें 50 लाख रुपए से अधिक के लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों संग समीक्षा की।

इस दौरान डीएम ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी निमार्णाधीन परियोजनाओ में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिया। पर्याप्त धनराशि के बावजूद भी कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्यो में शिथिलता बरतने पर नाराजगी जताई और तय मानक के अनुसार निर्माण कार्य को अधिक मैनपावर लगाकर तेजी से कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि। ईमानदारी एवं गुणवत्ता के साथ कार्य करें। विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की निर्माणधीन परियोजनाओं को समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर कार्य पूर्ण कराएं।इस दौरान निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों में बेहतर प्रगति लाकर निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाए साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए।

### एसडीएम के प्रयास से अनशन कार्यक्रम हुआ स्थगित

**चहनियां (चंदौली)।** रामजानकी मंदिर ठाकुर वाड़ी बाबा कीनाराम वैष्णव मठ रामशाला के पीठाधीश्वर का गुरुवार को होने वाला आमरण अनशन एसडीएम सकलडीहा अनुपम मिश्र के प्रयास से स्थगित कर दिया गया। जिससे प्रशासन ने राहत महसूस किया। वहीं मठ प्रबंधन ने भी संतोष व्यक्त किया। बाबा कीनाराम वैष्णव मठ रामशाला मारूफपुर के राजस्व गांव नदेसर के आराजी नंबर 189 व मझीलेपुर के आराजी नंबर 4 पर कतिपय लोगों द्वारा किये गये अतिक्रमण के विरुद्ध मठ प्रबंधन द्वारा सीजेएम चंदौली में दाखिल वाद के फलस्वरूप मिले यथास्थिति स्थगन आदेश के बावजूद एक व्यक्ति द्वारा नया निर्माण कराये जाने व बलुआ पुलिस द्वारा उसे न रोकवाये जाने से नाराज पीठाधीश्वर के नेतृत्व में मठ प्रबंधन की बैठक हुयी थी। जिसमें पीठाधीश्वर बाबा विनय दास ने गुरुवार से पुलिस चौकी गेट के सामने आमरण अनशन करने का निर्णय कर लिया था।

## संयुक्त सचिव भारत सरकार की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बैठक संपन्न

# 26 नवंबर से 24 जनवरी तक होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**केटी न्यूज/मऊ**



सुशील कुमार सिंह संयुक्त सचिव भारत सरकार मिनिस्ट्री आफ स्पोर्ट्स शिपिंग वाटर वेब की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी ने बताया कि जनपद में कुल 09 विकासखंड के सापेक्ष 645 ग्राम पंचायतें हैं। जिसके लिए कुल 05 वैन उपलब्ध कराई जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान 26 नवंबर 2023 से 24 जनवरी 2023 तक कुल 60 दिनों तक चलेगा। इसमें प्रथम चरण में पांच विकासखंड एवं द्वितीय चरण में चार विकासखंड में कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद स्तरीय, ब्लाक स्तरीय, ग्रामीण स्तरीय एवं शहरी क्षेत्र हेतु समिति का गठन कर दिया गया है एवं शहरी क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र एवं जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है एवं जिस विभाग की तैयारी अभी पूर्ण नहीं है उसको समय से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा। संयुक्त सचिव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। जन सामान्य को जागरूक करते हुए वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों/अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना तथा यात्रा के दौरान प्राप्त विवरण द्वारा संभावित लाभार्थियों का नामांकन/चयन तथा स्वच्छता सुविधाएँ, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएँ, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएँ, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं जैसी प्रमुख योजनाओं का संतृप्तीकरण करना है। उन्होंने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि आपके लिये यह एक अवसर है, जिसके माध्यम से केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ छूटे एवं पात्र लाभार्थियों को दिलाया जा सकता है। उन्होंने आम जनमानस को इस योजना के माध्यम से जागरूक करने, छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए लाभावित करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### महिला हेल्प डेस्क के प्रयास से फिर एक दूजे के हुए पति-पत्नी, किया प्यार का इजहार



**बलिया।** प्रभारी निरीक्षक महिला थाना के नेतृत्व में महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मचारियों की पहल रंग लाई और पत्नी-पत्नी का विवाद खत्म हो गया। पति-पत्नी एक दूसरे के साथ राजी खुशी से न सिर्फ रहने को तैयार हुए, बल्कि एक दूजे को मिठाई भी खिलायी। बलिया के महिला थाना में मनीषा देवी पत्नी प्रदीप राजभर निवासी जनाड़ी थाना दुबहड़ ने पति प्रदीप राजभर पुत्र गुप्तेश्वर राजभर, सास आशा देवी पत्नी गुप्तेश्वर राजभर, ननद काजल व निरजा कुमारी पुत्री गुप्तेश्वर राजभर निवासीगण जनाडी, थाना दुबहड के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। आरोप था कि उसके साथ मार-पीट तथा गाली गलौज की जा रही है। 22 नवम्बर को प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह महिला थाना बलिया की देख-रेख में दोनो पक्षों को थाने पर बुलाया गया। आवेदिका के गर्भ में 07 माह का बच्चा भी है। प्रभारी निरीक्षक द्वारा दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के बाद दोनों पक्ष एक साथ रहने के लिये सहमत हो गया। दोनो पक्षो ने निर्णय लिया कि मनीषा देवी को परेशान नही किया जायेगा। बतौर बहू घर में हंसी खुशी से रखा जायेगा। ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट गाली गुप्ता नहीं किया जायेगा। दोनों पक्ष बतौर पति-पत्नी रहने को तैयार हुये। दोनो पक्ष द्वारा सुलहनामा लिखकर दिया गया। दोनो ने अपने-अपने सहमति से सुलहनामा पर हस्ताक्षर बनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए एक साथ मिलकर रहने की शपथ ली। इस कार्य से दोनो पक्षों द्वारा प्रभारी महिला थाना व उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

### 130 दिनों बाद नैनी सेंट्रल जेल से रिहाई के बाद छात्र नेता का गर्मजोशी के साथ हुआ स्वागत

**गाजीपुर।** विश्वविद्यालय प्रशासन प्रयागराज व पुलिस प्रशासन प्रयागराज के तानाशाह रवैया के कारण जेल में बंद छात्र नेता जितेंद्र कुमार धनराज को 130 दिनों बाद नैनी सेंट्रल जेल से रिहाई मिलने पर उनके गृह जनपद में कई जगहों पर गर्मजोशी के साथ छात्रों और युवाओं ने स्वागत किया। जितेन्द्र कुमार धनराज का हंसराजपुर में सत्यम कुमार के नेतृत्व में चंदन सिंघानिया, छात्र नेता अध्यक्ष पीजी कॉलेज गाजीपुर, अनुज भारती समेत कई छात्र नेताओं द्वारा स्वागत किया गया। सिखड़ी में विजय सहाय के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम हुआ। वीर अब्दुल हमीद पार्क धामुपुर में देवेंद्र कुमार, मंजीत कुमार, उज्ज्वल कुमार उर्फ राजा भईया , प्रसिद्धधन भैया और संजय भैया के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। अमारी गेट पर ग्राम प्रधान खोजपुर अश्वनी कुमार , ग्राम प्रधान नारायणपुर प्रदीप कुमार व अरविंद कुमार के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कंचनपुर में विश्वजीत कुमार विशू जी के नेतृत्व में स्वागत हुआ। बहलोलपुर में अंबेडकर पार्क गहली बसारिकपुर में वकील कुमार राय युवा समाजसेवी के नेतृत्व में वहां पर उपस्थित रहे अरविंद कुमार मास्टर साहब जी सत्यम कुमार राव जी, कैरियर कैंपस मऊ में मंगल सर जी, जितेंद्र सिपाही जी, नागेंद्र यादव सिपाही जी, रामाशीष यादव जी, हरेंद्र यादव जी, समाजसेवी रामबदन जी, धीरज कुमार, पवन कुमार, अमन कुमार, राहुल कुमार, चंचल कुमार, छोटे लाल जी तथा तमाम ग्राम सभा की महिलाएं उपस्थित थी।

### कांग्रेसियों ने जखनियां में मनाया महावीर चक्र विजेता का शहादत दिवस

**गाजीपुर।** बृहस्पतिवार को लांस नायक राम उपग्रह पांडेय का शहादत दिवस सर्वदलीय तहसील विकास एवं जनकल्याण संघर्ष समिति जखनियां गाजीपुर के बैनर तले रेलवे परिसर में बनी प्रतिमा पर माला- फूल चढ़ाकर नमन किया तथा उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर सबने प्रकाश डाला। सर्वदलीय तहसील विकास एवं जन कल्याण संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनारायण सिंह नू अपने संबोधन में कहा भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश के वार के दौरान अपनी युद्ध कौशल के जरिए पाकिस्तान के तीन बंकर को ध्वस्त कर दिया। जिसमें बहुत से पाकिस्तान सेना के जवान मारे गए। समिति के लोग पिछले 14 साल से लगातार शहादत दिवस मनाते आ रहे हैं। नौजवानों को आपसे सीख लेनी चाहिए। देश हमारे लिए सर्वोपरि है। सबने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। सेना के तीन भूतपूर्व सैनिक सूबेदार मेजर राजेंद्र राम, सूबेदार अच्छे लाल कन्नौजिया, नायक पद से रिटायर्ड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र सती राम सिंह का स्वागत अभिनंदन समिति के तरफ से किया गया। इन्हीं जवानों के बदौलत हम देश के लोग चैन की नींद सो पाते हैं। देश हमारा सुरक्षित है। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी सवानंद चौबे, सचिव बृजेश कुमार गौतम, वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र पांडेय, सूर्यभान सिंह समिति के उपाध्यक्ष रामाधार गिरी, राम प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

### जाम की समस्या से निजात दिलाना नए यातायात प्रभारी के लिए चुनौती

**चंदौली।** जिला मुख्यालय पर जाम की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। यातायात माह के दौरान जाम की समस्या से बृहस्पतिवार को दिनभर लोग जूझते रहे। वही विभाग की ओर से ड्यूटी में तैनात कर्मचारी जहां परेशान रहे। वहीं आम जनजीवन भी पूरी तरह से प्रभावित रहा है, जाम की समस्या से निजात दिलाना नए यातायात प्रभारी के लिए चुनौती होगा। जिला मुख्यालय के सर्विस रोड पर आए दिन जाम की समस्या से लोगों को जुझना पड़ता है। यातायात माह के दौरान आए दिन जाम लगने से आम जन जीवन के साथ-साथ मरीजों और बच्चों को भी परेशानी का सामना झेलना पड़ता है। किसी भी सर्विस रोड पर चले जा वहां जाम लगने लगा लाजमी है।

